# उद्योगों की मांग के अनुरूप चलाएं पाठ्यक्रम

## वृहद रोजगार मेला एवं नवचयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में बोले सीएम योगी

**संवाद न्यूज एजेंसी**

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि फरवरी 2023 में हुए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्रदेश को 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। इनसे 1.10 करोड़ युवाओं को रोजगार और नौकरी मिलेगी। इसके लिए जरूरी है कि सभी आईटीआई, पॉलिटेक्निक जैसे संस्थान इंडस्ट्री की मांग को समझकर, उसके अनुरूप ट्रेड व पाठ्यक्रम तैयार करें। युवाओं को जॉब व सुरक्षा की गारंटी मिलनी चाहिए।

सीएम योगी रविवार को मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय परिसर में वृहद रोजगार मेला एवं नवचयनित अभ्यर्थियों के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन की तरफ से आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को ट्रेनिंग से जोड़कर उन्हें आगे बढ़ाने की जरूरत है। मुख्यमंत्री इंटर्नशिप कार्यक्रम के साथ युवाओं को जोड़कर आगे बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए। इस योजना में आधा मानदेय सरकार व आधा इंडस्ट्री द्वारा दिया जाता है। इससे युवा अपने शिक्षा के दौरान परिवार पर न निर्भर होकर आत्मनिर्भर रहेगा। उसको शिक्षा के साथ मानदेय भी प्राप्त होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हर हाथ को काम आज उत्तर प्रदेश शासन की प्राथमिकता है। आज का उत्तर प्रदेश नए भारत का एक नया उत्तर प्रदेश है, जहां हर क्षेत्र में सफलता के नित नए प्रतिमान स्थापित हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि डाटा टेक्नोलॉजी से जुड़कर व्यावसायिक शिक्षा विभाग वैश्विक मानक के अनुरूप नए कोर्सेज के लिए कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पूरे विश्व में यूपी के स्किल युवाओं की मांग को देखते हुए उस दिशा में काम करने की आवश्यकता है। इसको ध्यान मे रखते हुए सरकार टाटा टेक्नोलॉजी के साथ मिलकर 150 विश्वस्तरीय आईटीआई बनाने जा रही है।



रोजगार मेले में युवती को नियुक्ति पत्र देते सीएम योगी आदित्यनाथ। -संवाद

### बेरोजगारी दर 19 से घटकर दो प्रतिशत हुई

सीएम योगी ने कहा कि शासन के प्रयासों के बाद आज प्रदेश में बेरोजगारी दर 19 प्रतिशत से घटकर मात्र दो प्रतिशत रह गई है। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षण संस्थान युवाओं की स्किल मैपिंग कर, उनकी क्षमता को पहचान कर उनका मार्गदर्शन करें। इसके लिए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति भी संस्थानों के लिए एक मंच का कार्य करेगी। इस शिक्षा नीति में परंपरागत पाठ्यक्रम के साथ ही स्किल पर भी ध्यान दिया गया है, ताकि शिक्षा प्राप्त करने के बाद युवा को रोजगार के लिए न भटकना पड़े। इससे बेरोजगारी का भी उन्मूलन हो सकेगा।

### 18134 युवाओं को मिला रोजगार

वृहद रोजगार मेले में विभिन्न कंपनियों में 18134 युवाओं को रोजगार मिलने से उनका चेहरा खिल उठा। रोजगार मेले में 221 से अधिक कंपनियों ने प्रतिभाग किया। इसमें 48672 रिक्तियों के सापेक्ष 34719 युवाओं ने पंजीकरण कराया। मेला में आईबीएम, टाटा मोटर्स, वर्कएक्स सॉल्यूशंस एवं सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, स्पेक्ट्रम टैलेंट मैनेजमेंट लिमिटेड, टीमलीज सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, केपीआर मिल्स, फ्लिककार्ट, क्लिक 24 हेल्थ केयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, सेफएक्सप्रेस, डिक्सन, जीफोरएक्स सिक्योरिटी सर्विसेज, यजाकी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, एलआईसी बजाज फाइनेंस आदि कंपनियों ने प्रतिभाग किया।